# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: 6 3rd Lang. | Department: Hindi | Study material |
|---|---|---|
| Question bank and Grammar | Topic: 1 – बीज और पौधा | Note: Please complete your work. |

प्रश्नोत्तर

**अति लघु प्रश्न-**

1. बीज कहाँ बोया गया था?

उत्तर= बीज धरती की गहराई में बोया गया था|

2. नन्हा पौधा कहाँ सोया हुआ था?

उत्तर= नन्हा पौधा बीज के अंदर सोया हुआ था|

3. सूरज ने पौधे को क्या बोला?

उत्तर= सूरज ने पौधे को बोला कि तुम अपनी नींद दूर भगाओ|

4. नन्हे पौधे को संसार कैसा लगा?

उत्तर= नन्हे पौधे को संसार अद्‌भुत लगा|

5. "उस बीज के अंतर में था नन्हा पौधा सोया|" यह पंक्ति किस कविता से ली गई है?

उत्तर= यह पंक्ति 'बीज और पौधा' कविता से ली गई है|

6. पवन ने सोते हुए पौधे को क्या किया ?

उत्तर= पवन ने नन्हे पौधे को जगाया|

7. नन्हीं बूँदों ने सोते हुए पौधे को क्या किया?

उत्तर= नन्हीं बूँदों ने उस पर जल बरसाया|

8. सूरज की बातों का नन्हे पौधे पर क्या प्रभाव पड़ा?

उत्तर= सूरज की बातें सुनकर नन्हा पौधा नींद से जाग गया|

9. आलस्य त्यागने का क्या परिणाम हुआ?

उत्तर= आलस्य त्यागने पर पौधे के शरीर में नई शक्ति आ गई|

10. पवन के द्वारा किसे जगाने की बात की गई है?

उत्तर= पवन के द्वारा पौधे को जगाने की बात की गई है

## व्याकरण (Grammar)

1. शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आदमी | -- | औरत | शिक्षक | -- | शिक्षिका |
| बकरी | -- | बकरा | राजा | -- | रानी |
| मोरनी | -- | मोर | लड़की | -- | लड़का |
| चूहा | -- | चुहिया | देव | -- | देवी |

2. पर्यायवाची शब्द लिखिए|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पवन | -- | हवा, वायु | जल | -- | पानी, नीर |
| वृक्ष | -- | तरू, पेड़ | रात्रि | -- | रात, निशा |
| संसार | -- | जग, जगत | गगन | -- | आकाश, नभ |
| सूर्य | -- | सूरज, रवि | पर्वत | -- | पहाड़, गिरि |

3. वाक्य बनाइए|

अनोखी - माँ ने अनोखी कहानी सुनाई|

आलस्य - हमें आलस्य नहीं करना चाहिए|

पौधा - मैंने एक पौधा लगाया|

बीज - बीज से पौधा बनता है|

हवा - ठंडी हवा चल रही है|

नींद - नीतू को नींद आ रही है|

MCQ

1. कौन नींद से जाग गया?

*बच्चा *नन्हा पौधा *मुर्गा *तोता

2. पवन पौधे को जगाकर क्या दिखाना चाहता था?

*बगीचा *घर *झरना *अद्भुत संसार

उत्तर = 1. *नन्हा पौधा 2. *अद्भुत संसार

Q. दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए|

| |
|---|
| अलसाई, गहराई, पौधा, बूँदों, आलस्य, अँगड़ाई, पवन (हवा), संसार |

1. बीज को बहुत ______ में बोया गया था।
2. बीज के हृदय (अंतर) में एक नन्हा ______ सोया था।
3. मंद ______ ने आकर पौधे को जगाया।
4. सूरज ने पौधे से कहा कि अपनी ______ आँखें खोलो।
5. नींद छोड़कर और ______ त्यागकर पौधा बाहर आया।
6. बाहर का ______ बड़ा ही अद्भुत था ।
7. नन्हीं-नन्हीं ______ ने पौधे पर जल बरसाया ।
8. आँख खोलकर नन्हे पौधे ने ______ ली ।

उत्तर =

1. गहराई
2. पौधा
3. पवन (हवा)
4. अलसाई
5. आलस्य
6. संसार
7. बूँदों
8. अँगड़ाई

☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺